राजस्थान सरकार

# राज्य बीमा एवम् प्रावधायी निधि विभाग

बीमा भवन, जयसिंह हाईवे, बनीपार्क, राजस्थान जयपुर।

दिनांकः– 19-06-2024

क्रमांकः– प.9/पार्ट/व्य.एवं प./पीएफ/2021/1086-1124
संयुक्त/उप/सहायक निदेशक,
राज्य बीमा एवं प्रा0नि0 विभाग,
समस्त जिला कार्यालय।

विषयः– जीपीएफ अंतिम भुगतान पेमेन्ट ईनिशिएट करने के पश्चात ईसीएस नहीं होने की दशा में एसआईपीएफ पोर्टल पर प्रदर्शित ब्याज भुगतान के संबंध में।
प्रसंगः– संयुक्त शासन सचिव वित्त (बीमा) विभाग का पत्रांक 00016 दिनांक 06.06.2024

उपरोक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के क्रम में सभी जिला/संभागीय कार्यालयों से समय–समय पर सेवानिवृति पश्चात कार्मिक के जीपीएफ खाते में जमा राशि के अंतिम भुगतान का पेमेन्ट ईनिशिएट करने के पश्चात भुगतान विलम्ब से होने की दशा में एसआईपीएफ पोर्टल पर प्रदर्शित ब्याज भुगतान के संबंध में अभ्यावेदन प्राप्त होते रहे है। उक्त अभ्यावेदनों के संबंध में राज्य सरकार से मार्गदर्शन चाहे जाने पर **वित्त (नियम) विभाग** की निम्न टिप्पणी प्राप्त हुई हैः–

**" राजस्थान राज्य सामान्य प्रावधायी निधि नियम 2021 के नियम 13(1)(2) के अनुसार खाते में कटौति बंद हो जाने पर विभाग द्वारा भुगतान आदेश जारी करने के पूर्ववर्ती माह तक के ब्याज का भुगतान किया जायेगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि सेवानिवृत कार्मिक को एसआईपीएफ पोर्टल पर जीपीएफ खाते की कटौति बंद हो जाने पर जब भुगतान वास्तव में प्राप्त होता है उस समय तक का ब्याज देय है।"**

एसआईपीएफ पोर्टल पर ऑनलाईन खातें में प्रदर्शित होने वाली राशि जिसमें भुगतान आदेश जारी करने से भुगतान वास्तव में प्राप्त होने की तिथि के बीच की अवधि की ब्याज की राशि भी सम्मिलित है।

अतः इस संबंध में निर्देशानुसार निवेदन है कि वित्त (नियम) विभाग से प्राप्त टिप्पणी अनुसार प्रकरणों का निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करे।

(रामपाल परसोया)
अतिरिक्त निदेशक (पीएफ)
राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग,
मुख्यालय, जयपुर

क्रमांकः– प.9/पार्ट/व्य.एवं प./पीएफ/2021/ 1125-1132 दिनांकः– 19-06-2024
प्रतिलिपिः– अतिरिक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग समस्त संभागीय कार्यालयों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

अतिरिक्त निदेशक (पीएफ)

Signature Not Verified
Digitally signed by Rampal Parsoya
Designation : Additional Director
Date: 2024.06.19 15:51:51 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref
8114129

Signature Not Verified
Digitally signed by Omprakash Meena
Designation : Additional Director
Date: 2025.07.10 15:18:50 IST
Reason: Approved